Address Phone No.

# CBSE

# प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 1

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा 10

समय: 3 घंटे | अधिकतम अंक: 80

**सामान्य निर्देश**

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं- क, ख, ग और घ।

(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खंड (क)

### अध्ययन

**(15 अंक)**

**1. गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए** (9)

पास में सब कुछ, फिर भी समस्या का समाधान और प्रश्न का उत्तर नहीं मिलता तब आदमी की बेचैनी बढ़ जाती है। इसीलिए बड़े-बड़े कुबेरपति अपने प्रश्नों का उत्तर पाने के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। सारी समस्याओं की जड़ है आपसी रिश्तों और संबंधों में संवाद की कमी। हम किसी से कितने प्रभावित होते हैं या दूसरे हमसे कितना प्रभावित होते हैं, यह इस बात से तय होती है कि हमारे सामाजिक संबंध कितने सुदृढ़ और जीवंत हैं और हम कितने संवाद कुशल हैं। वस्तुतः जीवन में ये दो चीजें बहुत महत्त्वपूर्ण होती हैं, पहला किसी के द्वारा समझा जाना और दूसरा किसी को समझ पाना। हमारे जीवन का सारा खेल इसी पर टिका है कि हम स्वयं को कितना अभिव्यक्त कर पा रहे हैं और हमारी उस अभिव्यक्ति को समाज में किस हद तक स्वीकार्यता मिल रही है। जब कोई हमें समझता या सुनता है तब हमारा तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) सक्रिय हो उठता है। उस स्थिति में हम तनाव रहित होकर राहत की स्थिति में पहुंच जाते हैं और हमारे भीतर एक तरह की निश्चिंतता का भाव पैदा हो जाता है, जबकि न समझे जाने की स्थिति हमारे नर्वस सिस्टम को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

आज समाज में नकारात्मकता हावी है जिससे सारी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। हम अशांत इसीलिए हैं, क्योंकि भूल गए हैं कि हम एक-दूसरे से जुड़े हैं। खुद की प्रशंसा सुनने के साथ-साथ दूसरों की प्रशंसा करने का अवसर कभी मत चूकिए। स्वयं की ज्यादा प्रशंसा सुनने से अहं पैदा होता है और ज्यादा सम्मान प्रगति को

अवरुद्ध भी कर देता है। भगवान श्रीकृष्ण का यही गुण था कि उन्हें शत्रु में भी अच्छाई नजर आती थी तो उसकी प्रशंसा करने से नहीं चूकते थे। जीवन को खुशहाल बनाने के लिए जरूरी है कि हम एक-दूसरे की भावनाओं और संवेदनाओं को महत्व दें। क्रोध, आवेग, भय, अवसाद, तनाव, और आत्मीयजनों के साथ गलतफहमी इन तमाम नकारात्मक स्थितियों से हम कैसे बच सकते हैं? अपनी आवश्यकताओं और अनुभूतियों को प्रभावपूर्ण तरीके से कैसे व्यक्त कर सकते हैं? इसके लिए जरूरी है कि हम केवल अपनी ही न कहें, बल्कि दूसरों की भी सुनें, लेकिन आज सुनने की किसी को नहीं पड़ी। सबको कहने की जल्दी है।

(क) आदमी की बेचैनी कब बढ़ जाती है? (2)

(ख) जीवन में कौन-सी दो चीजें महत्वपूर्ण हैं और क्यों? (2)

(ग) हमारी बात को कोई समझ लेता है तो हम पर क्या असर होता है? (1)

(घ) तनाव रहित होकर हम कैसा व्यवहार करते हैं? (2)

(ङ) समाज में फैली नकारात्मकता से बचने का क्या उपाय है? श्री कृष्ण के उदाहरण से स्पष्ट कीजिए। (2)

**2. काव्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए** (6)

अपनी दुर्बलता का
मुझको अभिमान रहे,
मुझको अभिमान रहे,
अपनी सीमाओं का
नित मुझको ध्यान रहे।
हर क्षण यह जान सकूं क्या मुझको खोना है
कितना सुख पाना है, कितना दुख रोना है
अपने सुख-दुख की प्रभु
इतनी पहचान रहे।
अपनी दुर्बलता का
मुझको अभिमान रहे।
कुछ इतना बड़ा न हो
जो मुझसे खड़ा न हो
कन्धों पर हो, जो हो,
नीचे कुछ पड़ा न हो।
अपने सपनों का प्रभु
बस इतना ध्यान रहे।
अपनी दुर्बलता का
मुझको अभिमान रहे
अपनी सीमाओं का
नित मुझको ध्यान रहे।

(क) कवि किस बात का ध्यान रखना चाहता है और किस बात का अभिमान? (1)

(ख) कवि जीवन में आने वाले सुख-दुख की पहचान कैसे करना चाहता है? (2)

(ग) कवि के सपनों का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। (2)

(घ) कविता का मूलभाव संक्षेप में लिखिए। (1)

## खंड (ख)

## व्याकरण (15 अंक)

**3. शब्द और पद में सोदाहरण अंतर स्पष्ट कीजिए।** (2)

**4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए।** (3)

(क) उसने अपना काम किया और घर चला गया। (सरल)

(ख) किसान ने मेहनत करके अच्छी उपज की। (मिश्र)

(ग) लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे। (संयुक्त)

**5. (अ) निम्नलिखित का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए।** (2)

(क) मार्गव्यय (ख) चक्रधर

**(आ) समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।** (2)

(क) जितना उचित हो (ख) संसार रूपी सागर

**6. वाक्य शुद्ध करके लिखिए।** (3)

(क) आप जाएँगे कब।

(ख) माताजी ने खाना बना गया है।

(ग) ईद के दिन नमाज अनेकों लोगों ने पढ़ा।

**7. मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए, जिससे उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ।** (3)

(क) डेरा डालना

(ख) सातवें आसमान पर होना

(ग) दूध की मक्खी

## खंड (ग)

## साहित्य (25 अंक)

**8. प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) पढ़ाई में पीछे होते हुए भी भाई साहब अपने छोटे भाई को समझाने में जुटे रहते। इसका क्या कारण था? (2)

(ख) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया? (1)

(ग) आदर्शवादी और व्यवहारवादी लोगों में क्या अंतर है? (2)

**9.** 'प्रेम को रूढ़ियों और पारंपरिक बंधनों में नहीं जकड़ा जा सकता।' कथन को 'तताँरा वामीरो कथा' पाठ के आधार पर स्पष्ट करते हुए अपने विचार लिखिए। (5)

**10.** **निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में दर्पण किसे कहा गया है और क्यों? (2)

(ख) कबीर अपनी साखियों में किन रूढ़ियों का विरोध करते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (2)

(ग) 'आत्मत्राण' शीर्षक प्रार्थना गीत अन्य प्रार्थना गीतों से किस अर्थ में भिन्न है? (1)

**11.** आधुनिक मीरा महादेवी वर्मा तथा मीराबाई की रचनाओं का भाव तथा शिल्प पर आधारित एक तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कीजिए। (5)

**12.** टोपी शुक्ला के सालाना परीक्षा में बार-बार फेल होने का क्या कारण था? उसे अपनी दादी से अधिक इफ़्फ़न की दादी क्यों पसंद थी? इन पारिवारिक उलझनों के बारे में अपने अनुभव तथा विचार भी लिखिए। (5)

## खंड (घ)

## लेखन

**(25 अंक)**

**13.** **किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।** (5)

**(क) संतोष परम धन**

- अर्थ
- संयमित जीवन
- परिणाम सुखद

**(ख) पर्यावरण संरक्षण : कितना आवश्यक**

- प्रदूषित वातावरण
- जीवन खतरे में
- संरक्षण की आवश्यकता

**(ग) विद्यालय का वार्षिकोत्सव**

- पूर्व तैयारियाँ
- सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण
- सफल प्रस्तुति एवं सुधार

**14.** सरकारी स्कूलों में फैली अव्यवस्था से छात्रों को होने वाली परेशानी के संबंध में शिक्षा अधिकारी, प्रदेश सरकार, हरियाणा को एक पत्र लिखिए। (5)

**15.** आप स्कूल कप्तान अक्षय जैन हैं। विद्यालय में कक्षा IX-X के लिए दो दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी एक सूचना तैयार कीजिए। (5)

**16.** खेल प्रशिक्षक तथा एक खिलाड़ी के बीच आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपने चयन के बारे में बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (5)

**17.** पुराने घरेलू फर्नीचर बेचने वाली कंपनी 'ओल्ड फर्नीचर हाऊस' में दीवाली के अवसर पर भारी छूट की घोषणा करने वाला एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)